C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 5:23 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 6:28 बजे

सांध्य दैनिक

उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 125 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरुवार, 5 नवंबर 2026

आयुष्मान-राजकुमार ने किया...पेज-3 पर

News कॉर्नर

बड़ा हादसा: नामिका ला दर्रे के पास खाई में गिरा सेना का वाहन, दो जवान बलिदान

लद्दाख। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में राष्ट्रीय राजमार्ग-01 पर नामिका ला दर्रे के पास बुधवार, 4 नवंबर को सेना का एक भारी वाहन सड़क से फिसलकर गहरी खाई में जा गिरा। इस दर्दनाक हादसे में वाहन चालक और सह-चालक सहित भारतीय सेना के दो जवान बलिदान हो गए। घटना की सूचना मिलते ही जिला पुलिस और स्थानीय प्रशासन ने तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव अभियान चलाया। गहरी खाई से कड़ी मशक्कत के बाद दोनों जवानों के शवों को बाहर निकाला गया। इसके बाद सभी कानूनी औपचारिकताओं को पूरा करने के लिए शवों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), चिकतान पहुंचाया गया। इस संबंध में स्थानीय पुलिस थाना बाखा में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच की जा रही है। सैन्य अधिकारियों ने इस दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में अपने दो बहादुर जवानों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

तीन मंजिला निर्माणाधीन इमारत ढही, दो लोगों की मौत, एक घायल



नई दिल्ली। दिल्ली के चावड़ी बाजार में एक निर्माणाधीन इमारत का हिस्सा ढह गया। इसके बाद साइट बंद कर दी गई और दमकल विभाग ने छह गाड़ियां भेजी गई हैं। दमकल विभाग को 9 बजकर 50 मिनट पर सूचना मिली थी। मिली जानकारी के मुताबिक, तीन मंजिला इमारत है। जहां थर्ड फ्लोर पर लेंटर डाल रहा था। 50 गज का प्लॉट बताया जा रहा है। पुलिस ने कॉल के बाद मौके पर पहुंचकर हालात दिए थे पुलिस ने बताया था कि कोई भी फंसा हुआ नहीं है।

भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरपाल मौर्य के हल्द्वानी आगमन पर भव्य स्वागत

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय अमरपाल मौर्य के प्रथम बार हल्द्वानी आगमन पर ओबीसी समाज के लोगों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरपाल मौर्य जी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नेत्रपाल मौर्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नन्हे कश्यप ने की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ओबीसी समाज के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, विभिन्न पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। इस दौरान ओबीसी समाज की एकजुटता, सामाजिक उत्थान, संगठन की मजबूती तथा समाज के अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। मुख्य अतिथि अमरपाल मौर्य ने अपने संबोधन में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने तथा समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचकर उनके हितों एवं अधिकारों के लिए निरंतर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज की एकजुटता और संगठित प्रयास ही सामाजिक एवं राजनीतिक सशक्तिकरण का आधार हैं। वहीं विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष नेत्रपाल मौर्य ने संगठन की मजबूती एवं सामाजिक समरसता पर जोर देते हुए सभी कार्यकर्ताओं से सक्रिय भूमिका निभाने और संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री रवि पाल, महेंद्र कश्यप सहित अनेक प्रदेश पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरपाल मौर्य का आभार व्यक्त करते हुए उनके मार्गदर्शन में ओबीसी समाज की एकजुटता, सामाजिक उत्थान एवं संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प लिया।

गंगनानी के पास नदी में समाई गुजरात के यात्रियों की कार

गंगोत्री हाईवे पर हादसे में पांच लोगों की मौत

नई दिल्ली

एजेंसी



उत्तरकाशी में गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर हादसे ने पांच लोगों की जान ले ली। कार गहरी खाई में गिरकर नदी में समा गई। पांच शव बरामद कर लिए गए हैं, जबकि वाहन में सवार अन्य लोगों की तलाश के लिए सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

गंगोत्री धाम के दर्शन की उम्मीद लेकर निकले सात लोगों का सफर गंगनानी के पास दर्दनाक हादसे में बदल गया। उत्तरकाशी में गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर गंगनानी के पास आज बृहस्पतिवार सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। गंगनानी बाजार से आगे डबरानी की ओर एक वाहन अनियंत्रित होकर करीब दो सौ मीटर गहरी खाई में जा गिरा और नदी में समा गया। हादसे में अब तक पांच लोगों की घटनास्थल पर मौत होने की सूचना है। वाहन में गुजरात के छह यात्री और एक चालक सवार थे।

जानकारी के अनुसार, वाहन बृहस्पतिवार सुबह हिना के समीप से गंगोत्री धाम के लिए रवाना हुआ था। यात्री गंगोत्री धाम की ओर जा रहे थे। इसी दौरान गंगनानी बाजार से आगे डबरानी की ओर बढ़ते समय वाहन अचानक अनियंत्रित हो गया।

देखते ही देखते वाहन सड़क से नीचे गहरी खाई में जा गिरा और नदी में समा गया। हादसे के बाद घटनास्थल और नदी किनारे खौफनाक मंजर देखने को मिला। इससे पहले राहत एवं बचाव अभियान के दौरान नदी किनारे पांच लोगों के शव बरामद हुए। वाहन में कुल सात लोग सवार थे। लापता अन्य दो लोगों की तलाश जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, एसडीआरएफ और 108 आपातकालीन सेवा की टीमें मौके के लिए रवाना हुईं। राहत एवं बचाव दल ने घटनास्थल पर पहुंचकर सर्च अभियान शुरू किया। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरातफरी मच गई। पुलिस और एसडीआरएफ की टीमें नदी किनारे और आसपास के क्षेत्र में तलाश अभियान चला रही हैं।

सांसद त्रिवेंद्र रावत के बड़े भाई का निधन, श्रद्धांजलि देने आवास पर पहुंचे सीएम धामी सहित कई नेता

हरिद्वार

हमारे संवाददाता

पूर्व मुख्यमंत्री और हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत के परिवार में शोक की लहर है। उनके बड़े भाई के निधन पर राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोग शोक व्यक्त करने पहुंच रहे हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री एवं हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत के बड़े भाई बृजमोहन सिंह रावत का निधन हो गया। उनके निधन से परिवार में शोक का माहौल है। बृजमोहन सिंह रावत के अंतिम दर्शन और श्रद्धांजलि देने के लिए राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोग उनके आवास पर पहुंच रहे हैं। गुरुवार को डिफेंस कॉलोनी स्थित त्रिवेंद्र सिंह रावत के आवास पर बृजमोहन सिंह रावत के निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पहुंचकर उनके पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन किए और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत भी श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे। उन्होंने बृजमोहन सिंह रावत के अंतिम दर्शन कर पुष्प अर्पित किए और उन्हें श्रद्धांजलि दी। दोनों नेताओं ने इस दुख की घड़ी में त्रिवेंद्र सिंह रावत और उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। श्रद्धांजलि सभा में पहुंचकर लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।



नगर निगम में सजा स्थानीय कारोबार, महापौर ने किया का शुभारंभ

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



स्थानीय उत्पादों को बाजार दिलाने और रोजगार की संभावनाओं को मजबूत करने के लिए नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम ने नई पहल शुरू की है।

निगम कार्यालय परिसर में बुधवार को शुद्ध बताशों और खिलौनों की बिक्री के लिए लगाए गए स्टॉलों का महापौर गजराज सिंह बिष्ट ने उद्घाटन किया। महापौर ने खुद खरीदारी कर स्थानीय उत्पादों को अपनाने का संदेश दिया और आमजन से भी इस पहल में भागीदारी की अपील की। महापौर गजराज सिंह बिष्ट ने कहा कि नगर निगम की जिम्मेदारी केवल शहर की व्यवस्थाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़ाना भी प्राथमिकता है। निगम लगातार स्थानीय उत्पादों और जनहित से जुड़ी गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के प्रयास कर रहा है। शुद्ध बताशों और खिलौनों की बिक्री के लिए लगाए गए स्टॉल इसी दिशा में एक कदम हैं।

उन्होंने सनातनी समाज सहित समस्त आमजन से अपील की कि नगर निगम के स्टॉलों से अधिक से अधिक खरीदारी कर स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करें। महापौर ने उम्मीद जताई कि जनता के सहयोग से इस पहल को नई पहचान मिलेगी और स्थानीय उत्पादों को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर नगर आयुक्त परितोष वर्मा सहित पार्षदगण और नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

त्योहार और वीकेंड को लेकर कैंची धाम के लिए भारी वाहन, टैक्सी और दोपहिया वाहनों की नो एंट्री

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

धनतेरस और वीकेंड पर कैंची धाम, भवाली और भीमताल में उमड़ने वाली श्रद्धालुओं व पर्यटकों की भीड़ के बीच यातायात व्यवस्था संभालना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बनने जा रहा है।

संभावित जाम और अव्यवस्था से निपटने के लिए नैनीताल पुलिस ने यातायात प्लान लागू किया है। भारी वाहनों से लेकर बसों, चौपहिया वाहनों और निजी पर्यटक वाहनों तक के लिए अलग-अलग प्रतिबंध और डायवर्जन निर्धारित किए गए हैं। कैंची धाम पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को पार्किंग के बाद शटल सेवा का सहारा लेना होगा। यातायात प्लान के तहत सुबह तीन बजे से रात 11 बजे तक सभी प्रकार के भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। ऐसे वाहनों को जनपद की सीमा पर ही रोक दिया जाएगा। सुबह पांच बजे से रात आठ बजे तक बसों और चौपहिया वाहनों के लिए डायवर्जन प्रभावी रहेगा। अल्मोड़ा, जागेश्वर, बागेश्वर और पिथौरागढ़ से मैदानी क्षेत्रों की ओर जाने वाले वाहन लमगड़ा, धनाचूली, धारी, खुटानी बैंड और भीमताल होते हुए गंतव्य तक पहुंचेंगे। हल्द्वानी, काठगोदाम और मैदानी क्षेत्रों से पहाड़ी जिलों की ओर जाने वाले वाहन खुटानी बैंड, भीमताल, धारी और धनाचूली बैंड से होकर जाएंगे काठगोदाम से रानीखेत जाने वाले वाहन खुटानी बैंड से डायवर्ट होकर मुक्तेश्वर और रामगढ़ मार्ग का इस्तेमाल करेंगे।

वाहन चोरों ने एसटीएच से दिनदहाड़े बाइक उड़ाई

हल्द्वानी। शहर में वाहन चोरों के हौसले बुलंद हैं। आए दिन किसी न किसी इलाके से वाहन चोरी हो रहे हैं, लेकिन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने में पुलिस की नाकामी लोगों की चिंता बढ़ा रही है। अब चोरों ने सुशीला तिवारी अस्पताल परिसर को भी निशाना बना लिया। अस्पताल के गेट नंबर दो के पास खड़ी बाइक दिनदहाड़े चोरी कर ली गई। घटना ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस की सक्रियता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कुकोड़ी, धारी निवासी पंकज सिंह बोरा की बाइक संख्या यू के04 ए एल 8465 चोरी हो गई। पीड़ित के मुताबिक उसने सुबह बाइक सुशीला तिवारी अस्पताल के गेट नंबर दो के पास खड़ी थी। इसी दौरान अज्ञात चोर बाइक लेकर फरार हो गए।

न पैमाइश, न मालिक का पता, फिर भी जमीन होटल को: यशपाल आर्य

नैनीताल

हमारे संवाददाता

सूबे के नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने आरोप लगाया कि धामी सरकार ने उत्तराखंड की प्रचलित बाजार भाव के अनुसार कम से कम 1 लाख करोड़ रूपये की सरकारी जमीनें और धरोहर संपत्तियां 60 से 90 साल के लिए निजी हाथों में औने पौने दामों में सौंपने की पूरी तैयारी कर ली है।

बता दें नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य बुधवार को कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य गुरदीप सप्पल, जिला कांग्रेस अध्यक्ष और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ नैनीताल के समीपवर्ती पटवाडांगर की 13.64 एकड़ जमीन तथा लोक निर्माण विभाग के ज्योलीकोट निरीक्षण भवन को यू0आई0आई0डी0बी0 के माध्यम से निजी हाथों में सौंपने का विरोध कर रहे थे। उन्होंने बताया कि आज कांग्रेस ने पूरे प्रदेश में भूमि बचाओ– धामी हटाओ अभियान शुरू किया है और राज्य के 11 स्थानों पर इन संपत्तियों पर रक्षा सूत्र बाँधकर उन्हें बचाने का संकल्प लिया है। यशपाल आर्य ने कहा कि ये सभी निर्णय मुख्यमंत्री ने अकेले लिए। मंत्रिमंडल की शक्तियों का अकेले प्रयोग करने का मुखयमंत्री को कोई अधिकार नहीं था



और न ही यू0आई0आई0डी0बी0 अधिनियम उन्हें यह अधिकार देता है। उन्होंने बताया कि सरकारी दस्तावेजों के अनुसार लगभग 1,232 एकड़ भूमि यू0आई0आई0डी0बी0 और सिडकुल को देने के प्रस्ताव स्वीकृत हो चुके हैं लोक निर्माण विभाग के 25 निरीक्षण भवनों को निजी हाथों में देने की कार्यवाही चल रही है और लगभग 560 एकड़ और भूमि देने की प्रक्रिया जारी है।श्री आर्य ने आरोप लगाया कि जमीनें सौंपने की ऐसी हड़बड़ी थी कि सरकार को यह तक पता नहीं था कि जमीन किसकी है और कितनी है। नियोजन विभाग ने 15 जनवरी 2025 के शासनादेश में पटवाडांगर की 103 एकड़ जमीन को कृषि विभाग के स्वामित्व वाली बताकर उसमें से 23 एकड़ प्रीमियम रिसॉर्ट के लिए यू0आई0आई0डी0बी0 को दे दी जबकि उस दिन इस जमीन की न पैमाइश हुई थी न कोई अभिलेख था। लगभग आठ महीने बाद 4 सितंबर 2025 को राजस्व विभाग ने अधिसूचना जारी कर पटवाडांगर गाँव का सर्वेक्षण और अभिलेख बनाने का काम शुरू किया और 9 सितंबर 2025 को राजस्व परिषद ने जिलाधिकारी नैनीताल को लिखा कि यह 108 एकड़ भूमि वन विभाग एवं राजस्व विभाग के अभिलेखों में दर्ज नहीं है। उन्होंने कहा कि ए जिस जमीन का कोई दर्ज मालिक ही नहीं था उसे सरकार ने कृषि विभाग की बताकर दे दिया। यह गलती नहीं जनता की आँखों में धूल झोंकना है। जो विभाग जमीन का मालिक ही नहीं वह जमीन किसी को दे कैसे सकता है।

विरोध

- सरकारी कागजों में एक ही जमीन के चार मालिक और चार रकबे
- 1 लाख करोड़ की सरकारी जमीनें और धरोहरें निजी हाथों में सौंपने की हड़बड़ी

नेता प्रतिपक्ष ने बताया कि सरकार के अपने कागजों में पटवाडांगर की इसी जमीन का मालिक हर बार बदलता रहा। अक्टूबर 2023 की बैठक में इसे जैव प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर से संबंधित भूमि और लगभग 60 एकड़ बताया गयाए जून 2024 में कृषि एवं उद्यान विभाग की 80 एकड़ तथा जनवरी 2025 के शासनादेश में कृषि विभाग की 103 एकड़ तथा अगस्त 2025 की बैठक में जैव प्रौद्योगिकी परिषद् स्थित भूमि और सितंबर 2025 की अधिसूचना में 108 एकड़ विश्वविद्यालय के लिए भी कभी 30, कभी 15 और कभी 26.4 एकड़ लिखा गया। उन्होंने कहा कि चार कागज, चार मालिक, चार रकबे। सरकार को जमीन से नहीं सिर्फ उसे होटल वालों तक पहुँचाने से मतलब था। पहले जमीन दी गई पैमाइश बाद में शुरू हुई और अब उसी जमीन का 90 साल का टेंडर निकाल दिया गया।

आर्य ने आरोप लगाया कि नैनीताल शहर के सीवर ट्रीटमेंट प्लांट के लिए जिलाधिकारी ने लिखा था कि पटवाडांगर के अलावा कोई जमीन उपलब्ध नहीं है और यह प्लांट एशियाई विकास बैंक की परियोजना में चुना जा चुका था फिर भी अगस्त 2025 में यह कहकर प्लांट को वन भूमि पर ले जाने के निर्देश दे दिए गए कि इससे होटल परियोजना पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। अब पटवाडांगर की 13.64 एकड़ जमीन 90 साल के लिए केवल 37.800 करोड़ रूपये के रिजर्व प्राइस और 5 रूपये प्रति वर्गमीटर सालाना किराये पर दी जा रही है जबकि इसका बाजार मूल्य लगभग 82 करोड़ रूपये है। उन्होंने कहा कि पटवाडांगर में अंग्रेजों के समय से देश का प्रमुख वैकसीन संस्थान था और 1871 में बना ज्योलीकोट निरीक्षण भवन भी निजी हाथों में देने की सूची में है।

नेता प्रतिपक्ष ने माँग की कि धामी सरकार अविलंब सभी निविदाएँ निरस्त कर यू0आई0आई0डी0बी0 को दी गई जमीनें उनके विभागों को वापस करेए मुखयमंत्री को सरकारी भूमि पर अंतिम अधिकार देने वाला 22 दिसंबर 2022 का कैबिनेट निर्णय वापस ले और जॉलं एवरेस्ट की लीज रद्द कर इस मामले की जाँच उच्च न्यायालय की निगरानी में सीबीआई से कराए। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की जमीन, अस्मिता और संपत्ति की रक्षा के लिए कांग्रेस का हर सिपाही अंतिम साँस तक संघर्ष करेगा।



टैक्सी संचालकों ने दर्जा मंत्री मेहरा को समस्याओं को लेकर बाइक सौपा ज्ञापन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

बाइक टैक्सी और स्कूटी रेंटल संचालकों की समस्याओं को लेकर बुधवार को बाइक रेंटल संगठन के पदाधिकारियों ने दर्जा राज्य मंत्री भावना मेहरा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

पदाधिकारियों ने बताया कि लंबे समय से बाइक और स्कूटी टैक्सी संचालकों के सामने रोजगार का संकट बना हुआ है। कई संचालक बेरोजगार बैठे हैं जिससे उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर राज्य मंत्री भावना मेहरा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आईजी और एसपी को तत्काल बैठक बुलाने के निर्देश दिए ताकि बाइक टैकसी और स्कूटी रेंटल संचालकों की समस्याओं पर चर्चा कर उनका समाधान निकाला जा सके। उन्होंने संगठन के पदाधिकारियों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान बाइक रेंटल समिति के अध्यक्ष संजय सिरोही, उपाध्यक्ष तारीख खान, उपसचिव नितिन कुमार, कोषाध्यक्ष ललित मोहन तथा सचिव नितिन जाटव आदि मौजूद रहे।

भाजपाई बोले-कांग्रेस अवरोध पैदा कर रही है विकास में, फूंका पुतला

नैनीताल

हमारे संवाददाता

प्रदेश सरकार सरकारी संपत्तियों का सदुपयोग कर पर्यटन, निवेश और रोजगार बढ़ाने के लिए संकल्प बद्ध है जबकि कांग्रेस विकास में अवरोध पैदा कर रही है। भाजपा नेताओं ने ये बात बुधवार को ज्योलीकोट में समर्थन सभा एवं सांकेतिक प्रदर्शन के दौरान कहते सरकार का पक्ष रखा और कांग्रेस से पांच सवाल कर जवाब मांगा। इस दौरान कांग्रेस का सांकेतिक पुतला दहन भी किया। वक्ताओं ने कहा कि पर्यटन, निवेश और रोजगार की संभावनाओं को बढ़ावा देने के भूमि बचाओ-धामी हटाओ अभियान पर अपनी बात रखते हुए कहा कि सरकार का उद्देश्य सरकारी संपत्तियों को बेचना नहीं बल्कि उन्हें निर्धारित प्रक्रिया के तहत लीज पर देकर विकास और रोजगार के नए अवसर तैयार करना है। भाजपा नेताओं ने कहा कि युवाओं को राजनीतिक भ्रम में उलझाने के बजाय उन्हें विकास की मुखयधारा से जोड़ना आवश्यक है। इस मौके पर विधायक सरिता आर्या,भाजपा मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की,दर्जा राज्य मंत्री शांति मेहरा, दयाकिशन पोखरिया तथा अरविंद पांडेया व सुरेश उप्रेती आदि ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को अपने ही क्षेत्र में रोजगार और स्वरोजगार के अवसर मुहैया कराना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। विकास की योजनाओं को राजनीतिक विरोध से ऊपर उठकर देखना चाहिए। संचालन जिला मंत्री पुष्कर जोशी ने किया। इस मौके पर कई भाजपाई मौजूद रहे।



NEWS / फटाफट

हाईकोर्ट ने दी पंचायती राज सचिव को 4 माह की मोहलत

नैनीताल । हाईकोर्ट ने हरिद्वार जिले के कई ग्राम सभाओं में सोलर लाइटों की खरीद फ रोखत में हुई अनियमितताओं की जांच कराए जाने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए कार्यवाहक मुखय न्यायधीश मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने सचिव पंचायतीराज को निर्देश दिए हैं कि याचिकाकर्ता ने इस संबंध में उनको जो प्रत्यावेदन दिया गया है उस पर विधि अनुसार निर्णय लेते हुए उसे चार माह के भीतर निस्तारित करें।

केंद्र सरकार को दी हाईकोर्ट ने तीन माह की मोहलत

नैनीताल । हाईकोर्ट ने रामनगर के आपदा प्रभावित चुकुम गांव के विस्थापन को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए कार्यवाहक मुखय न्यायधीश मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ती सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने राज्य सरकार के वन सचिव को तत्काल विस्थापन प्रस्ताव केंद्र सरकार के फ रैस्ट क्लीयरेंस पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए हैं वहीं केंद्र सरकार से कहा है कि उनके लिए चिह्नित भूमि पर तीन माह के भीतर निर्णय लें।

नशे में वाहन चलाने पर चालक गिरफ्तार, वाहन सीज

नैनीताल । नशे में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत भवाली पुलिस ने बुधवार को खैरना बाजार में एक चालक को गिरफ्तार कर उसका वाहन सीज कर दिया। पुलिस के अनुसार बुधवार को चौकी प्रभारी खैरना उपनिरीक्षक सतीश उपाध्याय पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान वाहन संख्या यूके 07 सीबी 8484 को रोककर जांच की गई। जांच में वाहन चालक दिल बहादुर पुत्र पान सिंह निवासी अलीगढ़ तहसील यूनियारा, जनपद टोंक राजस्थान वर्तमान निवासी चंद्रबनी छोला मोहबेवाला देहरादून शराब के नशे में वाहन चलाते मिला। एल्कोमीटर और मेडिकल परीक्षण में शराब का सेवन कर वाहन चलाने की पुष्टि होने पर पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर मोटर वाहन अधिनियम के तहत वाहन सीज कर दिया।

बीरभट्टी में बाघ ने खच्चर को बनाया निवाला

नैनीताल । जिले के भीमताल विकास खंड के तहत ज्योलीकोट के समीप स्थित बीरभट्टी चर्ता तोक में पान सिंह नेगी के खच्चर को बाघ ने अपना निवाला बना लिया। नेगी का कहना है उनका मुख्य रोजगार खच्चर चलाना ही था और इसमें ही वह लोगों का सामान ढोकर अपने घर का भरण पोषण किया करते थे। बताया कि इससे पूर्व भी एक खच्चर को बाघ ने अपना निवाला बना दिया था,कहा कि वन विभाग द्वारा उन्हें किसी भी प्रकार का मुआवजा नहीं दिया गया। दूसरी ओर मामले में ग्राम प्रधान डा. बबीता मनराल का कहना है कि गावों में तीन बाघ एक साथ लगातार घूमते दिखाई दे रहे हैं जिससे ग्रामीणों में दहशत हो गई है, घर से बच्चों को बाहर निकलना मुश्किल हो गया है, उन्होंने वन विभाग से गावों में बाघों को पकडने हेतु पिंजरा लगाने के अपील की है।

चरस तस्करी के मामले में अभियुक्त दोषमुक्त

नैनीताल । अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायालय (एनडीपीएस एकट) के पीठासीन अधिकारी संजीव कुमार ने चरस तस्करी के एक मामले में सुनवाई करते हुए अभियुक्त मुनव्वर हुसैन को साक्ष्य के अभाव और संदेह के दायरे में रखते हुए आरोप से दोषमुक्त कर दिया है। यह मामला थाना काठगोदाम क्षेत्र का था, जहाँ 12 फ रवरी 2019 को पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो अभियुक्तों से करीब 1 किलो चरस बरामद करने का दावा किया था। विचारण के दौरान सह.आरोपी मो. कामिल की मृत्यु हो जाने के कारण 6 दिसंबर 2022 को उनके विरुद्ध कार्यवाही उपशमित कर दी गई थी न्यायालय ने अपने निर्णय में स्पष्ट किया कि पुलिस टीम की थाने से रवानगी की जनरल डायरी (जीडी) पेश नहीं की गई और मौके पर एनडीपीएस एकट की धारा 50 के अनिवार्य प्रावधानों का पालन भी नहीं किया गया था।

कोर्ट का गिरधारी लाल साहू के खिलाफ दर्ज एफआईआर रद्द करने से इनकार

नैनीताल

हमारे संवाददाता

हाईकोर्ट ने गिरधारी लाल साहू उर्फ पप्पू गिरधारी द्वारा दायर की गई उस रिट याचिका को खारिज कर दिया है जिसमें थाना केदार/कैंट जिला देहरादून में कैबिनेट मंत्री व उनकी पत्नी रेखा आर्य द्वारा दर्ज एफ आईआर को रद्द करने की मांग की गई थी।

इस मामले में रेखा आर्य ने गिरधारी साहू पर आईपीसी की विभिन्न धाराओं और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 की धारा 3(1) करते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। याची के वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने दलील दी थी कि दोनों पक्षों की शादी 06 जुलाई 2004 को हुई थी और लगभग 22 वर्षों से वे साथ रह रहे हैंए इसलिए यह केवल घरेलू विवाद का मामला है जिसे अब आपराधिक रंग दिया जा रहा है। रेखा आर्य ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि शादी के वक्त उनकी पहली शादी और बच्चों की बात छिपाई गई थी 0और बाद में अन्य महिलाओं से अवैध संबंध रखने तथा विरोध करने पर उनके साथ मारपीटए गाली.गलौज व जातिसूचक अपमानजनक टिप्पणियां की गईं। इसके अलावा यह भी आरोप लगाया गया कि याचिकाकर्ता ने फर्जी हस्ताक्षर कर और दस्तावेज तैयार कर उन्हें कंपनी के निदेशक पद से जबरन सेवानिवृत दिखा दियाए जबकि उन्होंने कोई इस्तीफा नहीं दिया था साथ ही एक ऑडियो रिकॉर्डिंग का भी जिक्र है जिसमें कथित तौर पर साहू द्वारा उन्हें रास्ते से हटाने (कत्ल करने) की साजिश रचने और इसके लिए पैसे खर्च करने की बात सामने आई थी।

राज्य सरकार के सरकारी वकील और रेखा आर्य के वकील ने इन गंभीर आरोपों का हवाला देते हुए याचिका का कड़ा विरोध किया और कहा कि याची जांच में सहयोग भी नहीं कर रहा है।

शेरवुड कॉलेज की 104वीं वार्षिक एथलीट, रॉबिनहुड हाउस रहा विजेता

नैनीताल । शेरवुड कॉलेज नैनीताल की 104वीं वार्षिक एथलेटिकस प्रतियोगिता बुधवार को विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित की गई।

प्रतियोगिता का शुभारंभ मार्च पास्ट से हुआ जिसकी सलामी विद्यालय के प्रधानाचार्य अमनदीप संधू ने ली। इसके बाद छात्र छात्राओं ने विभिन्न खेल स्पर्धाओं में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में रॉबिनहुड हाउस ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि फ्लायर टक हाउस द्वितीय स्थान पर रहा। वहीं हॉर्समैन यानी जूनियर विंग में एलन ए डेल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया साथ ही विभिन्न वर्गों में सहजजीत जममू, आदेश प्रताप सिंह गिल, मान्या रौतेला, सारंशी सिंह और अर्णव खंडेलवाल को सर्वश्रेष्ठ एथलीट का पुरस्कार दिया गया। समापन संबोधन में प्रधानाचार्य अमनदीप संधू ने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक विकास के लिए लाभकारी होती हैं।

नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

अभिमत

खाद्य संकट की आहट

संसाधनों की भरमार है, लेकिन अर्थव्यवस्था में खेती का महत्व कम नहीं हुआ है। दुनिया के बड़े हिस्से में युद्ध से सभी देशों के सामने अनेक मुश्किलें उत्पन्न हो गई हैं। युद्ध के कारण ऊर्जा और उर्वरक की किल्लत से कृषि पर असर पड़ा है। उधर अलनीनो के कारण उत्पादन में कमी से खाद्यान्न के संकट की आहट महसूस की जा रही है। वैश्विक स्तर पर भुखमरी से इन्कार नहीं किया जा सकता है। खाद्य सामग्री के साथ ही अन्य वस्तुओं की महंगाई से स्थिति चिंताजनक होती जा रही है।

विज्ञान-तकनीक के क्षेत्र में प्रगति तथा औद्योगिक क्रांति ने दुनिया की तस्वीर बदल दी है। डिजिटल युग में भौतिकवाद की अंधी दौड़ है। संसाधनों की भरमार है, लेकिन अर्थव्यवस्था में खेती का महत्व कम नहीं हुआ है। दुनिया के बड़े हिस्से में युद्ध से सभी देशों के सामने अनेक मुश्किलें उत्पन्न हो गई हैं। युद्ध के कारण ऊर्जा और उर्वरक की किल्लत से कृषि पर असर पड़ा है। उधर अलनीनो के कारण उत्पादन में कमी से खाद्यान्न के संकट की आहट महसूस की जा रही है। वैश्विक स्तर पर भुखमरी से इन्कार नहीं किया जा सकता है। खाद्य सामग्री के साथ ही अन्य वस्तुओं की महंगाई से स्थिति चिंताजनक होती जा रही है। केन्द्र सरकार सकल घरेलू उत्पाद के आंकड़ों से अपनी पीठ थपथपा रही है, जबकि अर्थशास्त्री सरकार के आंकड़ों को झुठला रहे हैं। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध का भारत पर सीधा असर नहीं हुआ। ईरान और इजरायल-अमेरिका के युद्ध ने सबसे अधिक ऊर्जा संकट को गंभीर कर दिया है। पेट्रोलियम पदार्थों की कीमत में वृद्धि का हर व्यक्ति पर असर हुआ है। पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की किल्लत को कम करने में सरकार काफी हद तक सफल रही है। यातायात युद्धारु है। पेट्रोलियम पदार्थों का कृषि के लिए विशेष महत्व है। खेती के उपकरणों के लिए डीजल की जरूरत है। भूमि की जुताई, फसल की सिंचाई और कटाई के लिए उपकरण डीजल से संचालित होते हैं। सरकार ने किसानों को डीजल उपलब्ध कराने का प्रबंध किया। पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण उर्वरक के आयात की समस्या उत्पन्न हो गई। भारत उर्वरक के मामले में आयात पर निर्भर है। उर्वरक के बिना खाद्यान्न उत्पादन नगण्य रह जाता है। उर्वरक की कीमत में अंतर्राष्ट्रीय बाजार में वृद्धि हुई है। उर्वरक आयात महंगा होने पर किसानों को भी ज्यादा कीमत चुकानी पड़ेगी। महंगे उर्वरक और डीजल से कृषि उत्पादों की लागत बढ़ी है। गेहूं, चावल, दाल के साथ खाद्य तेल की कीमतों में वृद्धि से रसोई का बजट बिगड़ गया है। चीनी और खाद्य तेलों के मूल्यों में अप्रत्याशित उछाल ने चाय पीने के लिए सोचने को मजबूर कर दिया है। चीनी की कीमत के लिए गन्ने के उत्पादन में कमी को कारण बताया जा रहा है। शहरीकरण से कृषि क्षेत्र कम होता जा रहा है। सन 1960 के दशक का खाद्य संकट पुनः नहीं हो, इसके लिए अन्न उत्पादन बढ़ाने पर ध्यान देना होगा। सरकार को पेट्रोलियम पदार्थ, उर्वरक आयात के नये रास्ते तलाशने होंगे। सार्वजनिक वितरण प्रणाली की समीक्षा करके आर्थिक रूप से कमजोर उपभोक्ता को सस्ती दर पर चीनी, अनाज, दाल और तेल उपलब्ध कराया जाना चाहिए।

कुविवि में तीन दिनी सतर्कता जागरूकता कार्यशाला

नैनीताल

हमारे संवाददाता



कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2026 एवं निवारक सतर्कता अभियान के अंतर्गत आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला का बुधवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ। कार्यशाला का समापन कुलसचिव प्रो. रीतेश साह की अध्यक्षता में आयोजित सत्र के साथ हुआ।

बता दें कार्यशाला का शुभारंभ सोमवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट ने किया था। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रशासनिक कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, जवाबदेही और कार्यकुशलता सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कर्मचारियों को नियमों एवं प्रक्रियाओं की अद्यतन जानकारी से अवगत कराने की आवश्यकता पर भी बल दिया।कार्यशाला के प्रथम दिवस वित्त नियंत्रक सुश्री कमलेश भंडारी ने उत्तराखंड अधिप्राप्ति नियमावली-2025 के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी वहीं सहायक कुलसचिव श्री राकेश कुमार विश्वकर्मा ने गवर्नमेंट ई.मार्केटप्लेस (जैम) पोर्टल की कार्यप्रणाली एवं उसके व्यावहारिक उपयोग पर व्याख्यान दिया।द्वितीय दिवस मंगलवार को उत्तराखंड पुलिस साइबर सेल के प्रतिनिधि श्री संदीप सिंह कुँवर ने साइबर अपराधों, ऑनलाइन धोखाधड़ी तथा साइबर सुरक्षा एवं सतर्कता से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर जानकारी दी। उन्होंने डिजिटल माध्यमों के सुरक्षित उपयोग तथा साइबर अपराधों से बचाव के उपायों पर भी प्रकाश डाला। कार्यशाला के अंतिम दिवस बुधवार को आरएस टोलिया उत्तराखंड प्रशासन अकादमी नैनीताल की उप निदेशक एवं पीसीएस अधिकारी श्रीमती पूनम पन्त ने आचरण नियमावली-2026 पर विस्तृत व्याख्यान दिया। समापन सत्र की अध्यक्षता करते हुए, कुलसचिव प्रो. रीतेश साह ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन कर्मचारियों के व्यावसायिक कौशलए प्रशासनिक दक्षता एवं कार्यसंस्कृति को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

उन्होंने भविष्य में भी विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों एवं परिसरों में इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने की योजना पर प्रकाश डाला। उन्होंने कार्यशाला में विशेषज्ञों द्वारा दी गई जानकारी को विश्वविद्यालय की दैनिक प्रशासनिक कार्यप्रणाली के लिए उपयोगी बताया।तीन दिवसीय कार्यशाला में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों एवं अनुभागों के कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। इनमें अभिराम पन्त, पूरन पाठक, डा. नीरज साह, रमेश जोशी, दीपक बिष्ट, लीलाधर आर्या, कुलदीप सिंह, गणेश सिंह बिष्ट, भूपाल सिंह करायत, अमित आर्य तथा कैलाश जोशी एवं लोकेश शर्मा सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे। संचालन डॉ. मोहित सनवाल ने किया।

आतिशबाजी की दुकानें खुले स्थानों पर ही लगेंगी : एसडीएम

नैनीताल । दीप पर्व दीपावली त्यौहार को शांतिपूर्वक तथा सुरक्षित और सुव्यवस्थित ढंग से मनाए जाने के दृष्टिगत उपजिलाधिकारी नैनीताल की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण संयुक्त बैठक संपन्न हुई।

बैठक में फ यर स्टेशन इंचार्ज जयप्रकाश आर्य, प्रशिक्षु अभिषेक भट्ट, थाना तल्लीताल, व्यापार मंडल मल्लीताल व तल्लीताल, जल संस्थान, हाईड्रिल विभाग तथा नगर पालिका के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।बैठक में उपजिलाधिकारी के द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए कि दीपावली के पर्व पर केवल चिन्हित किए गए खुले स्थानों पर ही अस्थाई आतिशबाजी (पटाखों) की दुकानों को लगाने की अनुमति दी जाएगी। इन स्थानों का चयन इस प्रकार किया जाए जहां आपातकालीन स्थिति में अग्निशमन विभाग के वाहनों का आवागमन पूरी तरह सुगम और बाधा रहित हो। उपजिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया की क्षेत्र में पटाखों के किसी भी प्रकार के अवैध भंडारण, बिना लाइसेंस बिक्री या रिहायशी इलाकों में नियमों के उल्लंघन पर तत्काल प्रभाव से कठोर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

दिल्ली पुलिस के एसीपी की टिप्पणी पर भड़के अधिवक्ता, जिला बार ने मनाया विरोध दिवस

नैनीताल

हमारे संवाददाता



दिल्ली पुलिस के एसीपी द्वारा अधिवक्ताओं के विरुद्ध की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों के विरोध में बुधवार को जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं ने विरोध दिवस मनाया।

इससे पूर्व प्रताप भैया सभागार में आयोजित आमसभा में अधिवक्ताओं ने संबंधित पुलिस अधिकारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग उठाई। 0बैठक को संबोधित करते हुए बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरुण सिंह बिष्ट एवं सचिव संजय सुयाल ने कहा कि अधिवक्ता समाज के सम्मान और स्वाभिमान के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने संबंधित पुलिस अधिकारी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की। इसके बाद अधिवक्ताओं ने घटना के विरोध में न्यायालय परिसर में नारेबाजी कर अपना आक्रोश व्यक्त किया।

वहीं बागेश्वर में हुए धीरेन्द्र हत्याकांड पर अधिवक्ताओं ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए घटना की कड़ी निंदा की तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। जिलाबार के पूर्व सचिव दीपक रुवाली ने भी एसएसपी को पत्र भेजकर उचित कार्यवाही करने की मांग की। बैठक को वरिष्ठ अधिवक्ता भगवत प्रसाद, नीरज साह, अशोक मौलखी, संयुक्त सचिव नीरज गोस्वामी, अनिल बिष्ट, शंकर सिंह चौहान, रविशंकर आर्या, हरेंद्र बोरा, मनीष भट्ट, गौरव कुमार, निर्मल कुमार, मोहमद खुर्शीद बिलाल, तरुण चंद्रा, मोहित, प्रीति साह तथा तारा आर्य आदि मौजूद रहे।

अदालत से

- एसीपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग
- न्यायालय परिसर में की नारेबाजी, बागेश्वर हत्याकांड पर जताया शोक

फिल्मी दुनिया

ये प्रेम मोल लिया आयुष्मान-राजकुमार ने किया जमकर डांस



आयुष्मान और उनकी पत्नी ताहिरा कश्यप ने मुंबई में अपने घर पर दिवाली पार्टी रखी थी। इस दौरान दोनों एक्टर्स एक साथ डांस फ्लोर पर नजर आए। उन्होंने आयुष्मान की आने वाली फिल्म ये प्रेम मोल लिया के टाइटल ट्रैक पर जमकर डांस किया।

आयुष्मान ने इस डांस का वीडियो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। वीडियो में दोनों कलाकार साथ में डांस करते दिखाई दे रहे हैं। इस दौरान कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा और एक्टर अभिषेक बनर्जी और अपारशक्ति खुराना भी उन्हें चीयर करते नजर आए। कुछ ही देर में ये तीनों भी डांस में शामिल हो गए और पार्टी का माहौल और भी शानदार हो गया। वीडियो में आयुष्मान और राजकुमार एक-दूसरे का हाथ पकड़कर मुस्कुराते हुए डांस करते दिख रहे हैं। दोनों को साथ देखकर फैंस को उनकी फिल्म बरेली की बर्फी की याद आ गई। इस फिल्म में दोनों ने साथ काम किया था और उनकी जोड़ी को दर्शकों ने काफी पसंद किया था।

बरेली की बर्फी की याद आ गई



आयुष्मान खुराना और राजकुमार राव की दिवाली इस बार फैंस के लिए थोड़ी खास रही। दोनों कलाकारों ने मुंबई में आयोजित एक दिवाली पार्टी में साथ डांस किया। दोनों को एक साथ डांस करते देख फैंस को उनकी 2017 में आई फिल्म बरेली की बर्फी की याद आ गई।

मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति तिवारी की मौजूदगी में नैनीताल बैंक की पहल

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल बैंक लिमिटेड द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में जनकल्याणकारी पहल करते हुए समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः सुदृढ़ किया गया। इसी क्रम में बैंक द्वारा उप जिला चिकित्सालय कर्णप्रयाग को एक एंबुलेंस भेंट की गई।

बता दें हाईकोर्ट कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की गरिमामयी उपस्थिति में एंबुलेंस की चाबी सीएमएस डा. भगवती प्रसाद पुरोहित चिकित्सालय प्रशासन को सौंपी गई। बैंक की इस पहल से क्षेत्र के जरूरतमंद मरीजों को आपातकालीन परिस्थितियों में समय पर चिकित्सा सहायता मुहैया कराने तथा स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुलभ बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग मिलेगा। कार्यक्रम में बैंक के कार्यपालक निदेशक कुलदीप सिंह, मुख्य परिचालन अधिकारी अनिल कुमार एवं मुख्य वित्तीय अधिकारी सुमंत चक्रवर्ती सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इसी अवसर पर हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी एवं नैनीताल बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुशील कुमार लाल द्वारा बैंक की तल्लीताल शाखा के नए परिसर उद्घाटन किया गया। शाखा के नवीनीकरण का उद्देश्य ग्राहकों को आधुनिक एवं बेहतर बैंकिंग सुविधाएं मुहैया कराना तथा उनके बैंकिंग अनुभव को और अधिक सुविधाजनक बनाना है।



News कॉर्नर

कुमाऊं विश्वविद्यालय में 6 तथा 12 और 13 नवंबर को अवकाश घोषित

नैनीताल । कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के प्रशासनिक भवन और परिसरों में 6 व 12 तथा 13 नवंबर को अवकाश घोषित किया गया है। विवि के कुलसचिव प्रो. रीतेश साह की ओर से जारी आदेश के अनुसार 12 जुलाई 2026 को रविवार के दिन कुलपति की स्वीकृति से कार्यालय एवं परिसर खुले रहने के बदले 12नवंबर (गुरुवार) को तथा कुलपति की ओर से विशेष अवकाश दिए जाने के क्रम में 13 नवंबर (शुक्रवार) को विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन और परिसरों में अवकाश रहेगा। इसके अतिरिक्त 11 जुलाई 2026 को द्वितीय शनिवार होने के बावजूद डीएसबी परिसर नैनीताल के कार्यालय खुले रहने के एवज में 6 नवंबर (शुक्रवार) को केवल डीएसबी परिसर में अवकाश घोषित किया गया है।

नैनीताल विस चुनाव में पार्टियां यूथ की दावेदारी को दें प्राथमिकता:पुनीत

नैनीताल । मां नयना देवी व्यापार मंडल के संस्थापक अध्यक्ष पुनीत टंडन ने सभी राजनीतिक पार्टियों से निवेदन किया है कि सभी राजनीतिक पार्टियां इस समय जो नैनीताल सीट के लिए दावेदारी का प्रयास अलग अलग प्रत्याशियों द्वारा किया जा रहा है उसमें नैनीताल सीट को यूथ और यंग चेहरे की दावेदारी को स्वीकार कर पार्टी को टिकट देना चाहिए तो यह नैनीताल सीट के लिए इस समय आज के परिवेश एक अच्छा निर्णय साबित हो सकता है। टंडन के मुताबिक यूथ और पढ़ा लिखा नया चेहरा, केपेबल (योग्य) जो अपनी बात अंजाम तक पहुंचाने में, रखने में सक्षम हों तथा पढ़े लिखे अच्छे चेहरों को नैनीताल की सीट की दावेदारी में टिकट प्राप्त हो और सीट को मिलने में सफलता प्राप्त हो ऐसा मैं नयना देवी नैनीताल व्यापार मंडल तथा संस्थापक अध्यक्ष की हैसियत से मेरी उम्मीद रहेगी।

सड़कों पर मौत का तांडव, आधे घंटे में दो जिंदगियां हुई खत्म

तिकोनिया में महिला को अज्ञात वाहन ने रौंदा, काठगोदाम में ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

एक हादसे में अज्ञात वाहन, दूसरे में ट्रक चालक जांच के घेरे में

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

शहर की सड़कों पर दौड़ते वाहनों की रफ्तार दो परिवारों के लिए जिंदगीभर का दर्द बन गई। तिकोनिया और काठगोदाम में आधे घंटे के भीतर हुए दो भीषण हादसों ने एक महिला और एक बाइक सवार की जिंदगी छीन ली। अस्पताल की राह पर निकली महिला घर वापस नहीं लौट सकी, वहीं गौलापार जा रहे बाइक सवार की सफर के दौरान ही मौत हो गई। हादसों ने एक बार फिर शहर की यातायात व्यवस्था और तेज रफ्तार पर नियंत्रण को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

गुरुवार को पुलिस ने दोनों मृतकों का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिए। हादसों के बाद दोनों परिवारों में चीख-पुकार मची है। पुलिस के अनुसार, दोनों मामलों में जांच की जा रही है और तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। तिकोनिया चौराहे के पास बुधवार दोपहर सड़क पार कर रही भवाली निवासी 47 वर्षीय ममता बिष्ट को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। ममता दवा लेने हल्द्वानी आई थीं और अस्पताल की ओर जा रही थीं। टक्कर के बाद वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। मौके पर मौजूद बाइक सवार युवकों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें अस्पताल पहुंचाया, लेकिन देर शाम उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतका के पति आनंद बिष्ट भवाली आंचल दुग्ध केंद्र में संविदा कर्मी हैं। परिवार की खुशियां पलभर में मातम में बदल गईं दूसरी दुर्घटना काठगोदाम थाना क्षेत्र में हो रहे सड़क हादसे शहरवासियों के लिए चिंता का विषय बनते जा रहे हैं। तेज रफ्तार और लापरवाही के चलते सड़कें कब तक लोगों की जान लेती रहेंगी? यातायात नियमों का सख्ती से पालन और रफ्तार पर प्रभावी नियंत्रण अब महज जरूरत नहीं, बल्कि जिंदगी बचाने की चुनौती बन चुका है।

एसपी सिटी हरबंस सिंह ने दोनों दुर्घटनाओं की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। तिकोनिया हादसे में फरार अज्ञात वाहन की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, जबकि काठगोदाम हादसे में ट्रक चालक के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।लगातार सीआरपीएफ रूप केंद्र के पास हुई। दमुवाढूंगा निवासी 46 वर्षीय इरशाद अहमद बाइक से गौलापार जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में इरशाद के सिर पर गंभीर चोटें आईं। पुलिस उन्हें तत्काल अस्पताल ले गई, लेकिन चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। उनकी पत्नी गौलापार में एएनएम के पद पर तैनात हैं। हादसे की खबर से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

पत्रकार डॉ. गिरीश रंजन तिवारी को मिलेगा उत्तराखंड गौरव सम्मान

नैनीताल
हमारे संवाददाता



नैनीताल के वरिष्ठ पत्रकार और लेखक तथा कुमाऊं विवि के पत्रकारिता विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. गिरीश रंजन तिवारी का चयन राज्य के सर्वोच्च उत्तराखंड गौरव सम्मान के लिए किया गया है।

यह सम्मान 6 नवंबर (शुक्रवार) को देहरादून में राज्य स्थापना दिवस कार्यक्रम में सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की ओर से प्रदान किया जाएगा। उनका चयन पत्रकारिता, लेखन और अध्यापन में उल्लेखनीय कार्यों के लिए किया गया है। पुरस्कार में प्रशस्ति पत्र, ट्रॉफी और एक लाख रुपए की राशि दी जाएगी। बता दें डॉ. गिरीश रंजन तिवारी को हाल में ही केंद्रीय गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग की ओर से अखिल भारतीय राजभाषा सममेलन में उनकी पुस्तक अतीत से वर्तमान तक- नैनीताल का सफर और गॉथिक राजभवन के निर्माण की अद्भुत गाथा के लिए प्रतिष्ठित राजभाषा गौरव सम्मान प्रदान किया गया था। देशभर से 13 लेखकों को यह पुरस्कार दिया गया जिनमें देवभूमि उत्तराखंड से यह सम्मान प्राप्त करने वाले डॉ. तिवारी एकमात्र लेखक और उत्तराखंड से पहले पत्रकार थे। डॉ. गिरीश रंजन तिवारी हिंदी लेखन, पत्रकारिता और हिंदी भाषा के प्रचार प्रसार के लिए अमेरिका, हंगरी और मॉरीशस के भारतीय दूतावासों, थाईलैंड, सिंगापुर की प्रतिष्ठित संस्थाओं और विश्वविद्यालयों सहित देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों और संस्थाओं की ओर से भी पुरस्कृत हो चुके हैं। पत्रकारिता पर वे तीन पुस्तकें लिख चुके हैं जिनमें एक का विमोचन मॉरीशस के राष्ट्रपति ने वहां के राष्ट्रपति भवन में किया था।

उनके दो दर्जन शोध पत्र और एक हजार से ज्यादा लेख भी प्रकाशित हो चुके हैं। उन्हें उत्तराखंड रत्न, राज्य सूचना आयोग से आरटीआई अवार्ड, अंतर्राष्ट्रीय भारत सम्मान तथा अचीवर्स अवार्ड सहित अनेक प्रतिष्ठित पुरस्कार मिल चुके हैं। इस बीच डा.तिवारी का चयन राज्य के सर्वोच्च उत्तराखंड गौरव सम्मान के लिए होने पर नैनीताल के पत्रकारों समेत उनके शुभचिंतकों ने बधाई दी है।

भाजपा की ऐतिहासिक जीत का संकल्प, अबकी बार 60 पार

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रकोष्ठ समन्वयक कौस्तुभानंद जोशी द्वारा संगठन के विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों, केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और हल्द्वानी विधानसभा के सर्वांगीण विकास को लेकर पार्टी का रुख स्पष्ट किया गया।

पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कौस्तुभानंद जोशी ने कहा कि उत्तराखंड में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व वाली राज्य सरकार की विकास योजनाओं और आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में केंद्र सरकार द्वारा दी जा रही विभिन्न योजनाओं का सीधा लाभ प्रदेश की जनता तक पहुँच रहा है। केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों के कारण आज उत्तराखंड विकास के नए आयाम छू रहा है। पत्रकार बंधुओं से संवाद करते हुए उन्होंने दृढ़ता से कहा कि संगठन के सभी कार्यकर्ता पूरी एकजुटता, निष्ठा और समर्पण के साथ धरातल पर कार्य कर रहे हैं। इस बार अबकी बार 60 पार के नारे के साथ भारतीय जनता पार्टी उत्तराखंड में तीसरी बार प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है। हल्द्वानी विधानसभा क्षेत्र पर विशेष चर्चा करते हुए प्रदेश प्रकोष्ठ समन्वयक कौस्तुभानंद जोशी ने कहा कि हल्द्वानी की सम्मानित जनता अब कांग्रेस के झूठे वादों, छलावे और निष्क्रियता से पूरी तरह ऊब चुकी है।

छात्राओं के भविष्य और बेहतर विद्यालय को लेकर मंथन

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

छात्राओं के बेहतर भविष्य और विद्यालय की शैक्षिक व्यवस्थाओं को मजबूत बनाने के उद्देश्य से राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बनभूलपुरा में पीटीए (अभिभावक-शिक्षक संघ) एवं एसएमसी (विद्यालय प्रबंधन समिति) की बैठक आयोजित की गई। प्रधानाचार्या ज्योति पंत की अध्यक्षता में हुई बैठक में छात्राओं के हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में विद्यालय की शैक्षिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने, विद्यालय अनुदान के उपयोग और छात्राओं के हित में आवश्यक कदम उठाने सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। विद्यालय के सर्वांगीण विकास और छात्राओं की शैक्षिक प्रगति को ध्यान में रखते हुए कई प्रस्तावों पर विचार किया गया तथा आवश्यक प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यालय की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करना, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाना और छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए बेहतर वातावरण तैयार करना रहा।



जनसमस्याओं का समाधान धामी सरकार की प्राथमिकता:भावना मेहरा

नैनीताल
हमारे संवाददाता

सूबे की आवास सलाहकार परिषद की उपाध्यक्ष (राज्य मंत्री) भावना मेहरा ने बुधवार को नैनीताल प्राधिकरण सभागार में जनसुनवाई कर भीमताल, नैनीताल एवं भवाली सहित आस पास के क्षेत्र से पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में स्थानीय लोगों ने घरों की मरम्मत, टीन शेड निर्माण तथा दीवार बनाने, छत की मरम्मत एवं भवन मानचित्र स्वीकृति से जुड़ी व्यावहारिक परेशानियां रखीं। राज्यमंत्री ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए नियमानुसार समाधान का भरोसा दिलाया वहीं टैकसी यूनियन के पदाधिकारियों ने टैकसी बाइक संचालन से संबंधित ज्ञापन सौंपा इस पर भावना मेहरा ने आईजी कुमाऊं निवेदिता कुकरेती से फ ोन पर बार्ता कर समस्या के उचित समाधान की बात कही जिसपर आईजी कुमाऊं ने इस विषय पर शीघ्र समाधान निकालने का भरोसा दिलाया। इसके अतिरिक्त मॉल रोड खुलने के बाद सड़? पर पड़ी रेत.बजरी से लोगों के चोटिल होने तथा निर्माण सामग्री ताल में जाने से गंदगी फैलने की शिकायत पर राज्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता राकेश सकसेना को तत्काल निर्माण सामग्री हटवाने और सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जनसुनवाई में स्थानीय लोगों ने अपनी समस्याओं को सीधे रखने और त्वरित संज्ञान लिए जाने की पहल की सराहना की।

भावना मेहरा ने कहा कि सीएम पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सरकार जनसेवा और सुशासन के संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रही है,सीएम का स्पष्ट संकल्प है कि आमजन को अपनी छोटी.छोटी समस्याओं के समाधान के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें बल्कि उनकी समस्याओं का समयबद्ध और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित हो इसी प्रतिबद्धता के अनुरूप जनसुनवाई के माध्यम से जनता और शासन.प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित कर जनसमस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जा रहा है।



रेस्टोरेंट मग टैल का मेयर द्वारा भव्य शुभारंभ

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

कालाढूंगी रोड पीलीकोठी में नगर में खुले नये रेस्टोरेंट मग टैलका शुभारंभ मुख्य अतिथि मेयर गजराज बिष्ट और भाजपा प्रदेश सह कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल ने किया। रेस्टोरेंट की ओनर दीप्ति जोशी ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर मेयर गजराज बिष्ट ने कहाँ कि विकसित हो रहें महानगर में शहर की बेटी दीप्ति द्वारा खोले गये इस रेस्टोरेंट से महानगर के लोगों को नया जायका मिलेगा जो आत्मनिर्भर उत्तराखंड की ओर उका सराहनीय प्रयास है। भाजपा प्रदेश सह कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल ने आनर दीप्ति जोशी को बधाई देते हुये इसे एक अच्छी शुरुआत बताया। उन्होंने कहाँ की नगर की जनता को लखनवी जायके और चायनीज के स्वाद के साथ अच्छी क्वालिटी के बेकरी प्रोडक्ट यहं उपलब्ध हो सकेंगे। ओनर दीप्ति जोशी बबली ने बताया कि रेस्टोरेंट में लखनवी चाय के साथ ही सभी आधुनिक चायनीज फुड मिल सकेगा। इस मौकें पर विवेक बख्शी,तारा दत्त जोशी, मयंक,गीता जोशी, दीक्षा, जीतेन्द्र, ईशान,दीपक संगवाल, सौरभ जोशी मौजूद रहे।



कपड़े सुखाने को लेकर दो महिलाओं में विवाद

नैनीताल । नगर के अयारपाटा क्षेत्र में बुधवार को कपड़े सुखाने को लेकर दो महिलाओं के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते मामला कहासुनी से बढ़कर आपसी खींचतान और हंगामे तक पहुंच गया। दोनों पक्ष एक दूसरे के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर कोतवाली पहुंच गए। जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह एक महिला ने कपड़े धोकर अपने आवास की बालकनी में सुखाने के लिए डाले थे। कपड़ों से टपक रहा पानी नीचे के तल पर रहने वाली दूसरी महिला के घर में गिरने लगा। इस पर उसने आपत्ति जताई तो दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई।

उत्तराखंड में सपा का सियासी कुनबा बढ़ा, तबस्सुम चौहान समर्थकों संग पार्टी में शामिल

हल्द्वानी/हरिद्वार
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड में सियासी जमीन मजबूत करने की कवायद में जुटी समाजवादी पार्टी ने संगठन विस्तार की मुहिम तेज कर दी है।

हरिद्वार के ललतारो पुल स्थित महानगर कार्यालय में आयोजित कार्यकर्ता बैठक के दौरान गढ़मीरपुर निवासी तबस्सुम चौहान ने समर्थकों के साथ सपा का दामन थाम लिया। प्रदेश अध्यक्ष हाजी अब्दुल मतीन सिद्दकी और प्रदेश सहप्रभारी महंत शुभम गिरी ने फूलमालाओं से उनका स्वागत करते हुए पार्टी में नई जिम्मेदारियों के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। प्रदेश अध्यक्ष हाजी अब्दुल मतीन सिद्दकी की अध्यक्षता में हुई बैठक में संगठन विस्तार और आगामी चुनावों की रणनीति पर चर्चा हुई। इस दौरान सिद्दकी ने कहा कि समाजवादी पार्टी किसानों, मजदूरों और शोषित वर्गों के अधिकारों की लड़ाई लड़ने वाली पार्टी है। समाज के सभी वर्गों के हित सपा की नीतियों में सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की नीतियों से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। उत्तराखंड में संगठन को लगातार मजबूत किया जा रहा है और सपा आगामी चुनाव पूरी ताकत के साथ लड़ेगी। भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि जनता ने सत्ता परिवर्तन का मन बना लिया है। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के साथ केंद्र में भी बदलाव की बयार दिखाई देगी। प्रदेश सहप्रभारी महंत शुभम गिरी ने कहा कि भाजपा से जनता का मोहभंग हो रहा है और उत्तराखंड में बदलाव की लहर है। प्रदेश की सत्ता बदलने में समाजवादी पार्टी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। बैठक में चंद्रशेखर यादव, मशकूर कुरेशी, डॉ. राजेंद्र पराशर, लव दत्त, अतुल यादव, राधेश्याम शर्मा, नरेंद्र गुर्जर, वासुदेव यादव, तबस्सुम चौहान, मौसम अली, राशिद राणा, वसीम गौड़, महेंद्र यादव, नईम अब्बासी, साजिद अंसारी, श्रवण शेखर, शमशाद रशीद, रेहान मलिक, डॉ. नसीर अहमद, नौशाद, मो. शाहनवाज, हर्षवर्धन, अरशद अय्यूब, शकील अंसारी, वसीम सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

